# जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के निदेशक मण्डल की 16वीं बैठक जो दिनांक 31.08.2015 को सम्पन्न हुई, का कार्यवृत्त।

**उपस्थिति**

| | |
|---|---|
| 1– श्री संजय अग्रवाल, | अध्यक्ष |
| 2– श्री ए0पी0 मिश्रा, | प्रबन्ध निदेशक |
| 3– श्री मुरलीधर भागचन्दानी | निदेशक |
| 4– श्री ए0 के0 अग्रवाल | निदेशक |
| 5– श्री आर0 वी0 पाण्डेय | निदेशक |
| 6– श्री राकेश त्रिवेदी | निदेशक |

**सहायतार्थ**

श्री एच0 के0 अग्रवाल, कम्पनी सचिव

| कम | एजेण्डा आइटम | लिया गया निर्णय |
|---|---|---|
| 1 | निदेशक की नियुक्ति एवं अंशों के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में। | निदेशक मण्डल ने निदेशकों की नियुक्ति एवं अंशों के हस्तांतरण के सम्बन्ध में निम्न प्रस्ताव पारित किये :–<br>0. निदेशक मण्डल ने श्री संजय प्रसाद के निदेशक एवं प्रबन्ध निदेशक के पद से दिनांक 17.06.2015 के पूर्वान्ह को कार्यमुक्त होने का सूचना संज्ञान में ली।<br>0. निदेशक मण्डल ने श्री ए0पी0 मिश्रा को जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 के निदेशक मण्डल में दिनांक 10.07.2015 से निदेशक एवं प्रबन्ध निदेशक मनोनीत किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया।<br>0. निदेशक मण्डल ने श्री संजय प्रसाद के नाम निगम का एक अंश श्री ए0पी0 मिश्रा के नाम हस्तान्तरित करने का अनुमोदन प्रदान किया। |
| 2 | निदेशक मण्डल की 15वीं बैठक जो दिनांक 16.06.2015 को सम्पन्न हुई का पुष्टिकरण। | निदेशक मण्डल ने निदेशक मण्डल की 15वीं बैठक जो दिनांक 16.06.2015 को सम्पन्न हुई, के प्रस्तुत कार्यवृत्त का पुष्टिकरण करते हुए निम्न प्रस्ताव पारित किया :–<br>"निदेशक मण्डल ने जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 की 15वीं बैठक जो दिनांक 16.06.2015 |

CHAIRMAN'S INITIAL

| | | |
|---|---|---|
| | | को सम्पन्न हुई के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया।'' |
| 3 | निगम का पंजीकृत कार्यालय स्थानान्तरित करने के सम्बन्ध में। | निदेशक मण्डल ने निगम का पंजीकृत कार्यालय स्थानान्तरित करने हेतु अनुमोदन प्रदान करते हुए निम्न प्रस्ताव पारित किया :–<br>''निदेशक मण्डल ने जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 का पंजीकृत कार्यालय वर्तमान पते कक्ष सं0–329, तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ से स्थानान्तरित करते हुए कक्ष सं0–818, 8वाँ तल, शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ करने का अनुमोदन प्रदान किया।'' |
| 4 | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज़, मिनिस्ट्रीज़ ऑफ कारपोरेट अफेयर्स, कानपुर के कार्यालय में विभिन्न प्रपत्र दाखिल करने हेतु अधिकारों का प्रतिनिधायन करने के सम्बन्ध में। | निदेशक मण्डल ने रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज़, मिनिस्ट्रीज़ ऑफ कारपोरेट अफेयर्स, कानपुर के कार्यालय में विभिन्न प्रपत्र दाखिल करने हेतु अधिकारों का प्रतिनिधायन करने के सम्बन्ध में निम्न प्रस्ताव पारित किया :–<br>''निदेशक मण्डल ने रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज़, मिनिस्ट्रीज़ ऑफ कारपोरेट अफेयर्स, कानपुर कार्यालय में जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 से सम्बन्धित प्रपत्र दाखिल करने हेतु श्री ए0पी0 मिश्रा, प्रबन्ध निदेशक, श्री ए0के0 अग्रवाल, निदेशक (वित्त) एवं श्री राकेश त्रिवेदी, निदेशक (परियोजना एवं वाणिज्य) के द्वारा अब तक की गयी कार्यवाही का अनुमोदन प्रदान करते हुए भविष्य में भी प्रपत्र दाखिल करने हेतु अधिकृत किया। '' |
| 5 | जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 के बैंक खाते के संचालन के सम्बन्ध में। | निदेशक मण्डल ने जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 के बैंक खाते के संचालन के सम्बन्ध में निम्न प्रस्ताव पारित किया :–<br>''निदेशक मण्डल ने जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, अशोक मार्ग, लखनऊ स्थित शाखा में चल रहे चालू खाता को संचालित करने हेतु मुख्य प्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), कैश प्रबन्धन इकाई, उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, लखनऊ को अधिकृत किया।''<br>''साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 के लेखों का रख–रखाव मुख्य महा प्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), |

CHAIRMAN'S INITIAL

| | | |
|---|---|---|
| | | उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 के नियंत्रणाधीन किया जायेगा।" |
| 6 | जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 को उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 द्वारा अधिगृहित किए जाने के फलस्वरूप उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को देय धनराशि के सम्बन्ध में। | निदेशक मण्डल ने जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 को उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 द्वारा अधिगृहित किए जाने के फलस्वरूप उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को देय धनराशि के सम्बन्ध में निम्न प्रस्ताव पारित किया :–<br>निदेशक मण्डल ने निर्देशित किया कि शासन में आगे प्रस्तुत होने वाले अनुपूरक बजट में रू0 70 करोड़ के भुगतान के प्राविधन के लिये प्रस्ताव यथा समय शासन को प्रस्तुत किया जाये। यह भी निर्देशित किया गया कि एजेण्डे में दिये गये प्रस्ताव " कि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 से अनुरोध किया जायेगा कि उनके स्तर से निगम को जो मासिक विद्युत विक्रय के विरूद्ध भुगतान प्रतिमाह किया जाता है, के अतिरिक्त वह निगम को रू0 68,85,71,350.00 का भुगतान कर दें, जिससे कि उसकी प्रतिपूर्ति जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 के देयकों के विरूद्ध उ0प्र0 पावर कारपारेशन लि0 को की जा सके अथवा उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 को विद्युत विक्रय के विरूद्ध उ0प्र0 पावर कारपारेशन लि0 द्वारा देय की संचित राशि लगभग रू0 5,500.00 करोड़ से उक्त धनराशि का पुस्तकीय समायोजन उ0प्र0 पावर कारपारेशन लि0 द्वारा कर लिया जाय" पर उ0प्र0 पावर कारपोरेशन की सहमति अनुसार कार्यवाही की जाये। |

7 Amendment in the Articles of Association of Jawaharpur Vidyut Utpadan Nigam Ltd.

निदेशक मण्डल ने Amendment in the Articles of Association of Jawaharpur Vidyut Utpadan Nigam Ltd. के सम्बन्ध में निम्न प्रस्ताव पारित किये :–

| S. No. | Article No | Article | Substituted & amended Article |
|---|---|---|---|
| 1. | Definitions | "UPPCL" – Means the holding company namely UP Power Corporation Ltd | "UPRVUNL" – Means the holding company namely UP Rajya Vidyut Utpadan Nigam Ltd |
| 2. | 109(d) | Chairman of UPPCL shall be Ex-officio | Chairman of UPRVUNL shall be Ex- |

CHAIRMAN'S INITIAL

| | | |
|---|---|---|
| | | Director and non-executive Chairman of the Company. | officio Director and non-executive Chairman of the Company. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | Director and non-executive Chairman of the Company. | officio Director and non-executive Chairman of the Company. |
| 3. | 109(e) | One Whole time Director of UPPCL shall be nominated on the Board of Directors of the Company | Deleted |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | निगम की 6ठीं अंशधारियों की वार्षिक सामान्य बैठक आयोजित किये के सम्बन्ध में। | निदेशक मण्डल ने निगम की 6ठीं अंशधारियों की वार्षिक सामान्य बैठक आयोजित किये के सम्बन्ध में निम्न प्रस्ताव पारित किये :–<br>1. निदेशक मण्डल ने जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 के अंशधारियों की 6ठीं वार्षिक सामान्य बैठक आयोजित किये जाने हेतु प्रस्तुत नोटिस का अनुमोदन प्रदान करते हुए उसे जारी करने हेतु कम्पनी सचिव को अधिकृत किया।<br>2. निदेशक मण्डल ने जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 के अंशधारियों की 6ठीं वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 24.09.2015 को अपरान्ह 4:45 बजे, शक्ति भवन 7वॉं तल, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ स्थित परिषद कक्ष में आयोजित किये जाने का निर्णय लिया। |
| 9 | जवाहरपुर 2X660 मे0वा0 तापीय परियोजना की अद्यतन स्थिति एवं परियोजना लागत के सम्बन्ध में। | निदेशक मण्डल ने जवाहरपुर 2X660 मे0वा0 तापीय परियोजना स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में निम्न प्रस्ताव पारित किये :–<br>1. अपडेटेट डी0पी0आर0 के अनुसार जवाहरपुर 2X660 मे0वा0 तापीय परियोजना की संशोधित अनुमानित लागत रू0 8078.56 करोड़ का अनुमोदन, जिसका 80 प्रतिशत वित्त पोषण वित्तीय संस्थानों से ऋण द्वारा एवं 20 प्रतिशत शासकीय अंशपूंजी से किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया।<br>2. जवाहरपुर 2X660 मे0वा0 तापीय परियोजना के निर्माण हेतु सिंगल ई0पी0सी0 कार्यदायी संस्था के चयन के लिये आमंत्रित होने वाली निविदा को भी पूर्व में पनकी 1X660 मे0वा0 एवं |

CHAIRMAN'S INITIAL

| | | |
|---|---|---|
| | | हरदुआगंज 1X660 मे0वा0 परियोजना की निविदा प्रकिया के अनुसार आमंत्रित करते हुए ई–टेण्डरिंग प्रकिया से मुक्त रखा जाये। |
| 10 | जवाहरपुर 2X660 मे0वा0 तापीय परियोजना हेतु प्री एवार्ड एवं पोस्ट एवार्ड सर्विसेज हेतु तकनीकी सलाहकार मै0 डैजिन प्रा0 लि0, नई दिल्ली को को प्रेषित कार्यादेश संज्ञानार्थ प्रस्ताव। | निदेशक मण्डल ने प्रस्तुत सूचना संज्ञन में ली। |
| 11 | जवाहरपुर 2X660 मे0वा0 तापीय परियोजना की Environmental Impact Assessment Study (ई0आई0ए0) एवं पर्यावरण क्लीयरेंस का कार्य मेसर्स डेजिन इण्डिया प्रा0 लि0, नई दिल्ली से कराने के सम्बन्ध में। | निदेशक मण्डल ने जवाहरपुर 2X660 मे0वा0 तापीय परियोजना की Environmental Impact Assessment Study (ई0आई0ए0) एवं पर्यावरण क्लीयरेंस का कार्य मेसर्स डेजिन इण्डिया प्रा0 लि0, नई दिल्ली से कराने के सम्बन्ध में निम्न प्रस्ताव पारित किया :–<br>"मै0 डेजिन इण्डिया प्रा0लि0 से 2X660 मेगावाट जवाहरपुर तापीय परियोजना की ई0आई0ए0 स्टडी एवं पर्यावरण क्लीयरेंस का कार्य रू. 22,95,000.00 (कर अतिरिक्त) की लागत से कार्यादेश संख्या 2121/ PPMM /SE-II/Jawaharpur dated 05.08.2015 के अन्तर्गत अतिरिक्त मद के रूप में सम्पादित कराने का अनुमोदन प्रदान किया जाता है।<br>इस अतिरिक्त मद के पश्चात् मै0 डेजिन इण्डिया प्रा0लि0 द्वारा कराये जाने वाले प्री एवं पोस्ट बिड परामर्शी सेवाओं की कुल कार्य लागत रू. 7,49,98,320.00 (रू. सात करोड़ उनन्चास लाख अट्ठानबे हजार तीन सौ बीस मात्र) (सभी कर सहित) से बढ़कर रू. 7,72,93,320.00 (रू. सात करोड़ बहत्तर लाख तिरान्नबे हजार तीन सौ बीस मात्र) हो जायेगी जिसमें रू. 22.95 लाख के कार्य पर कर अतिरिक्त देय होगा।<br>Terms of Payment- The Terms of Payment shall be as follows-<br>i) 20% payment after getting the approvel from MOEF regarding terms of reference.<br>(ii) 30% payment after completion of trhe study and submission of report. |

CHAIRMAN'S INITIAL

| | | |
|---|---|---|
| | | (iii) 15% payment after conducting the public hearing.<br>(iv) 15% payment after final presentation to MOEF.<br>(v) 20% payment after clearance from MOEF.” |
| 12 | जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 के निदेशकों के कम्पनी अधिनियम–2013 के प्राविधानों के अर्न्तगत प्रपत्र सं0–एम0बी0पी0–1 प्रस्तुत किए जाने के सम्बन्ध में। | निदेशक मण्डल ने सभी निदेशकों द्वारा प्रस्तुत प्रपत्र सं0–एम0बी0पी0–1 रिकार्ड पर लिये जाने का अनुमोदन प्रदान किया। |
| 13 | जवाहरपुर 2X660 मे0वा0 तापीय परियोजना के निर्माण हेतु इ0पी0सी0 कार्यदायी संस्था के चयन हेतु आमंत्रित निविदा कार्यक्रम के सम्बन्ध में। | निदेशक मण्डल ने जवाहरपुर 2X660 मे0वा0 तापीय परियोजना के निर्माण के सम्बन्ध में इ0पी0सी0 कार्यदायी संस्था के चयन हेतु निविदा आमंत्रित किये जाने के कार्यक्रम का अनुमोदन निम्न संशोधनों के साथ प्रदान किया :–<br>" कि निविदा प्रपत्र विक्रय की अन्तिम तिथि अर्थात 16.11.2015 के उपरान्त सम्भावित निविदादाताओं की प्री बिड कान्फेन्स 15 दिनों के बाद रखी जाये और तदनुसार ही अग्रेतर तिथियॉ भी संशोधित कर रखी जायें।" |

बैठक सांय 1:30 बजे प्रारम्भ होकर सांय 2:00 बजे समाप्त हुई।

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देते हुए समाप्त हुयी।

दिनांक : 8/9/15

( संजय अग्रवाल )

अध्यक्ष

CHAIRMAN'S INITIAL